# Hindi Murli Quiz 28-06-2015




*Q.1)* **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ---**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | हरेक बच्चा जहान का नूर अर्थात, | 1 | आपकी गिरती कला से विश्व की गिरती कला का सम्बन्ध है। |
| B | जैसे कहावत है आप जागे तो संसार जागा, | 2 | तब दर्शनीय मूर्त बन सकते हो। |
| C | आप की चढ़ती कला से सर्व की चढ़ती का सम्बन्ध है। | 3 | जग को रोशन करने वाला है । |
| D | आँखों को ही जीवन की ज्योति कहते हैं, | 4 | आप सोये तो संसार सोया। ऐसे आप बच्चे संसार के आधार मूर्त हो। |
| E | आँखों का मलना और झुटका खाना बन्द करो, | 5 | आप सब जग की ज्योति हो। |

*Q.2)* **Q.”भक्ति मार्ग में एक शंकर के लिए कह दिया है कि आँख खोली और परिवर्तन हो गया लेकिन यह गायन आप शिववंशी नूरे जहान का है। यह जहान की आँखें जब अपनी सम्पूर्ण स्टेज तक पहुँचेंगी अर्थात सम्पूर्णता की आँख खोलेंगी तो सेकेण्ड में परिवर्तन हो जायेगा। तो बापदादा जहान के नूरों से पूछते हैं कि बताओ,सम्पूर्णता की आँख कब खोलेंगे? ”**

A. True
B. False

*Q.3)* **Q. “सारा विश्व आप जहान के आँखों की एक सेकेण्ड की दृष्टि लेनेके लिए इंतज़ार में है कि कब हमारे इष्ट देवों वा देवियों की हमारे ऊपर दृष्टि पड़ेगी, जो हम ---------------हो जायेंगे।ऐसे ------------करने वाले अगर माया की धुल के कारण स्वयं अपनी आँख मलते रहेंगे अथवा संकल्प रुपी झुटके खाते रहेंगे तो ------------ कैसे करेंगे ।”**
**[निम्नलिखित विकल्पों में से एक सटीक उत्तर से सभी उपरोक्त तीन रिक्त स्थान भरें]**

A. नज़र से निहाल
B. संतृप्त
C. संतुष्ट
D. संपन्न

*Q.4)* **Q.कृपया निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें –**
**“सेकेण्ड में स्व-परिवर्तन से विश्व-परिवर्तन कर सकते हो। इसकी प्रैक्टिस करो अभी-अभी कर्मयोगी, अभी-अभी ----------- स्टेज।”**

Q.5) **Q. अब तो प्रकृति भी छोटे-छोटे पेपर ले रही है लेकिन बापदादा ने फाइनल पेपर का दृश्य बड़े स्पष्ट रूप में अंकित किया है। उसे सही वाक्यों का चयन करके बताएं ---**

A. एक तरफ प्रकृति अर्थात पाँचों तत्वों का विकराल रूप होगा।
B. दूसरी तरफ पाँचों ही विकारों का अन्त होने के कारण अति विकराल रूप होगा।
C. तीसरी तरफ तमोगुणी आत्माओं का वार होगा।
D. चौथी तरफ भक्त आत्माओं की भिन्न-भिन्न पुकार होगी।
E. पुराने संस्कार भी कर्मभोग, कर्म सम्बन्ध के बन्धन, व्यर्थ संकल्प अथवा अलबेलेपन और आलस्य के रूप में आयेंगे।
F. राज्यसत्ता, धर्मसत्ता, विज्ञानसत्ता और अनेक प्रकार के बाहुबल सब अपनी सत्ताओं की हलचल में होंगे।

Q.6) **Q. फाइनल पेपर के समय के लिए बापदादा ने कुछ युक्तियाँ बतायी हैं, उनका चयन करें –**

A. समेटने की शक्ति अपने पास जमा करो। देखते हुए न देखो, सुनते हुए न सुनो।
B. प्रकृति की हलचल देख प्रकृतिपति बन प्रकृति को शान्त करो।
C. अपने फुलस्टाप की स्टेज से तमोगुणी से सतोगुणी स्टेज में परिवर्तन करो।
D. अभी-अभी साकारी, अभी-अभी आकारी, अभी-अभी निराकारी स्थिति का विशेष अभ्यास करो।
E. इनएडवान्स भविष्य स्पष्ट रूप में अनुभव करने के लिए आँखें सदा खुली रहें, माया की धूल न हो।

Q.7) **Q. "आज मधुबन में तीन नदियों का संगमहैं। देहली, यू.पी. और फारेन। तीनों ही नदियाँ अपनी-अपनी रफ्तार से पावन बनाने की सेवा में लगी हैं। हरेक की महिमा एक दूसरे से महान है क्योंकि फॉरेन से आवाज़ निकलना है, देहली में राजधानी बननी है और यू.पी. में यादगार बनने हैं। फॉरेन का आवाज़ अभी शुरू होने वाला है, देहली की पुरानी गद्दी अभी हिलने वाली है और यू.पी. के भक्त सब अपने इष्ट देवों को ढूँढ भक्ति का फल लेने के लिए तड़प रहे हैं। अब तीनों ही अपने कार्य की वृद्धि में तीव्रता लाओ,तब जय-जयकार हो जायेगी।"**

A. True
B. False

Q.8) **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ---**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | जैसे यू.पी. में गली-गली में मन्दिर हैं, | 1 | भक्ति-स्थान को ज्ञान-स्थान बनाना। |
| B | जमुना के किनारे पर अभी राजयोग महल बनेंगे, | 2 | ऐसा अपनी मन्सा सेवा से भी वातावरण बनाओ। |
| C | यू.पी. में अभी तो धर्म नेताओं ने सिर्फ आँखें नीचे की हैं, | 3 | ऐसे यू.पी. में गली-गली में सेवाकेन्द्र हों। |
| D | ज्ञानी तू आत्माओं का विशेष कर्तव्य है, | 4 | लेकिन अपनी स्टेज पर आपको चीफ गेस्ट कर बुलावें तब कहेंगे कि सिर झुकाया है। |
| E | जब भक्ति से वैराग्य आ जाए तब ज्ञान का बीज पड़े, | 5 | तब जमुना के किनारे पर फिर महल बनेंगे। |

Q.9) **Q अचल-अडोल स्थिति पर आज के वरदान पर आधारित इस एक्सरसाइज में केवल सही वाक्य ही चयन करें—**

A. रावण राज्य की कोई भी परिस्थिति व व्यक्ति जरा भी संकल्प रूप में भी हिला न सके, ऐसे अचल- अडोल बनो।
B. कोई भी विघ्न गिराने के लिए नहीं, मजबूत बनाने के लिए आता है।
C. नॉलेजफुल कभी पेपर को देख कर कनफ्यूज हो जाते हैं।
D. माया किसी भी रूप में आ सकती है।
E. योगाग्नि जगाकर रखो, नॉलेजफुल स्थिति में रहो तो सब विघ्न समाप्त हो जायेंगे और आप अचल अडोल स्थिति में स्थित रहेंगे।

Q.10) **Q**
**“-----------------का खजाना जमा हो तो व्यर्थ संकल्पों में समय नहीं जायेगा।”**
**[निम्नलिखित विकल्पों से एक सबसे सटीक उत्तर से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें] ]**

A. शुद्ध संकल्प
B. शक्तियों
C. ज्ञान
D. दुआओं